1. "मामूली चीज़ों का देवता" (द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स) निम्नलिखित में से किस प्रसिद्ध लेखक द्वारा लिखा गया उपन्यास है ?
(A) अरुंधति रॉय (B) सूर्यकांत त्रिपाठी
(C) सलमान रुश्दी (D) अमीश त्रिपाठी
"The God of Small Things" is the novel written by which of the following famous author ?
(A) Arundhati Roy
(B) Suryakant Tripathi
(C) Salman Rushdie
(D) Amish Tripathi

2. भारत के संविधान के अनुच्छेद 64 और 89 (1) के तहत निम्नलिखित में से कौन राज्य सभा का पदेन सभापति है ?
(A) प्रधानमंत्री (B) उपराष्ट्रपति
(C) लोक सभा के अध्यक्ष (D) राष्ट्रपति
Who among the following is *ex-officio* Chairman of the Council of States under Article 64 and 89 (1) of the Constitution of India ?
(A) Prime Minister
(B) Vice-President
(C) Speaker of Lower House
(D) President

3. निम्नलिखित में से कौन सा दिन भारत में "राष्ट्रीय युवा दिवस" के रूप में मनाया जाता है ?
(A) 16 अगस्त (B) 12 जनवरी
(C) 25 नवंबर (D) 31 दिसंबर
Which of the following days is celebrated as "National Youth Day" in India ?
(A) 16th August (B) 12th January
(C) 25th November (D) 31st December

4. निम्नलिखित में से कौन सा अम्ल सिरके में मौजूद होता है ?
(A) ऐसीटिक अम्ल (B) लैक्टिक अम्ल
(C) सिट्रिक अम्ल (D) ऑक्सैलिक अम्ल
Which of the following acids is present in Vinegar ?
(A) Acetic Acid (B) Lactic Acid
(C) Citric Acid (D) Oxalic Acid

5. "हम्पी नृत्य उत्सव" निम्नलिखित में से किस राज्य का उत्सव है ?
(A) ओडिशा (B) महाराष्ट्र
(C) कर्नाटक (D) गुजरात
"Hampi Dance Utsav" is a festival of which of the following states ?
(A) Odisha (B) Maharashtra
(C) Karnataka (D) Gujarat

6. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय के पास जनसंचार के विभिन्न माध्यमों और प्रिंट मीडिया के विनियमन के माध्यम से सरकारी नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रसारित करने की जिम्मेदारी है ?
(A) आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय
(B) योजना मंत्रालय
(C) सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(D) गृह मंत्रालय
Which of the following ministries is having responsibility of task of disseminating information about government policies, schemes and programmes through the different mediums of mass communication and regulation of print media ?
(A) Ministry of Housing and Urban Affairs
(B) Ministry of Planning
(C) Ministry of Information and Broadcasting
(D) Ministry of Home Affairs

7. राष्ट्रीय विषाणु-विज्ञान संस्थान निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है ?
(A) बेंगलुरु (B) पुणे
(C) नई दिल्ली (D) मैसूरु
The National Institute of Virology is situated at which of the following places ?
(A) Bengaluru (B) Pune
(C) New Delhi (D) Mysuru

8. भारत में बाल संरक्षण और कल्याण के लिए आपातकालीन टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर क्या है ?
What is the emergency toll free helpline number for Child Protection and Welfare in India ?
(A) 1910
(B) 1098
(C) 114
(D) 194

24. हाल ही में, प्रधानमंत्री ने _____-लक्षद्वीप द्वीपसमूह सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन परियोजना की शुरुआत करके लक्षद्वीप में धीमी इंटरनेट गति की चुनौती को दूर करने का संकल्प लिया था, जिसकी घोषणा 2020 में लाल किले में स्वतंत्रता दिवस के भाषण के दौरान की गई थी।

(A) गोवा (पणजी) (B) कोच्चि

(C) थ्रिसूर (D) तिरुवनंतपुरम

Recently, the Prime Minister had resolved to overcome the challenge of slow internet speed in Lakshadweep by initiating the _____-Lakshadweep Islands Submarine Optical Fiber Connection Project which was announced during the Independence Day speech at Red Fort in 2020.

(A) Goa (Panaji) (B) Kochi

(C) Thrissur (D) Thiruvananthapuram

25. उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के कौशांबी ब्लॉक ने नीति आयोग की एबीपी की पहली डेल्टा रैंकिंग में कौन सा स्थान हासिल किया है?

(A) चतुर्थ (B) द्वितीय

(C) प्रथम (D) पंचम

Kaushambi block of Kaushambi District, Uttar Pradesh has achieved which rank in NITI Aayog's 1st Delta Ranking of ABP?

(A) 4th (B) 2nd

(C) 1st (D) 5th

26. हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में नवनिर्मित हवाई-अड्डे का उद्घाटन किया है। इस नवनिर्मित हवाई-अड्डे का नाम बताइये।

(A) सिया-राम अंतर्राष्ट्रीय हवाई-अड्डा

(B) राजा दशरथ अंतर्राष्ट्रीय हवाई-अड्डा

(C) महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई-अड्डा

(D) महर्षि वेदव्यास अंतर्राष्ट्रीय हवाई-अड्डा

Recently, Prime Minister Shri Narendra Modi has inaugurated the newly built airport in Ayodhya. Name this newly constructed airport.

(A) Siya-Ram International Airport

(B) Raja Dashrath International Airport

(C) Maharishi Valmiki International Airport

(D) Maharishi Ved Vyas International Airport

27. ब्रिक्स 2024 के लिए किस देश की अ
1 जनवरी, 2024 से प्रारम्भ हो गई है?

(A) भारत (B) रूस

(C) ब्राज़ील (D) ईरान

Which country's chairmanship has
from January 1st, 2024 for BRICS 2

(A) India (B) Russia

(C) Brazil (D) Iran

28. वर्ष 2016 में नोटबंदी के दौरान RBI (भ
रिज़र्व बैंक) के गवर्नर कौन थे?

(A) डॉ. रघुराम राजन (B) डॉ. उर्जित पटे

(C) श्री शक्तिकांत दास (D) डॉ. डी. सुब्बा

Who was the RBI (Reserve Ban
India) governor during demonetisati
the year 2016?

(A) Dr. Raghuram Rajan

(B) Dr. Urjit Patel

(C) Shri Shaktikanta Das

(D) Dr. D. Subbarao

29. उत्तर प्रदेश में, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी रिपोर्ट करने हेतु व्यक्तियों के लिए साइबर क्र हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत करने की समय स क्या है?

(A) 2 घंटे के भीतर (B) 24 घंटे के भीतर

(C) 48 घंटे के भीतर (D) 7 दिनों के भीतर

In Uttar Pradesh, for reporting onli financial fraud what is the timeframe f individuals to make the complaint Cybercrime Helpline Number?

(A) Within 2 hours

(B) Within 24 hours

(C) Within 48 hours

(D) Within 7 days

30. केंद्रीय और राज्य करों के जटिल जाल की जगह जीएसटी कानून किस वर्ष लागू किया गया?

In which year GST laws were implemented that replacing a complex web of Central and State taxes?

(A) 2017 (B) 2015

(C) 2021 (D) 2019

17. उत्तर प्रदेश में "कुंभ मेला" का उत्सव किन नदियों के संगम पर मनाया जाता है ?
(A) गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती
(B) कावेरी, सरयू और पौराणिक सरस्वती
(C) नर्मदा और ब्रह्मपुत्र
(D) तापी और नर्मदा

In Uttar Pradesh, the festival of "Kumbh Mela" is celebrated at the confluence of which rivers ?
(A) Ganga, Yamuna and mythical Saraswati
(B) Kaveri, Sarayu and mythical Saraswati
(C) Narmada and Brahmaputra
(D) Tapi and Narmada

18. उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम (यूपीएफसी) निम्नलिखित में से किसके विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ?
(A) कृषि (B) स्वास्थ्य सेवा
(C) शिक्षा (D) उद्योग

The Uttar Pradesh Financial Corporation (UPFC) plays a key role in providing financial assistance for the development of which of the following ?
(A) Agriculture (B) Healthcare
(C) Education (D) Industries

19. उत्तर प्रदेश का दुधवा राष्ट्रीय उद्यान निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है ?
(A) लखीमपुर खीरी (B) प्रयागराज
(C) मेरठ (D) शाहजहाँपुर

The Dudhwa National Park of Uttar Pradesh is located in which of the following districts ?
(A) Lakhimpur Kheri (B) Prayagraj
(C) Meerut (D) Shahjahanpur

20. 2006 में, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग का नामकरण बदल दिया गया और इसका नाम बदलकर निम्नलिखित में से क्या कर दिया गया ?
(A) मानवाधिकार परिषद (B) मानवतावादी परिषद
(C) मानवाधिकार आयोग (D) मानवतावादी आयोग

In 2006, the nomenclature was changed for United Nations Commission on Human Rights, and it was renamed as which of the following ?
(A) Human Rights Council
(B) Humanitarian Council
(C) Human Rights Commission
(D) Humanitarian Commission

21. एनआईए (NIA) का पूर्ण रूप दीजिए ।
(A) नेशनल इन्क्यूबेशन एजेंसी
(B) नवल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी
(C) न्यू इन्वेस्टिगेशन एजेंसी
(D) नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी

Give full form of NIA.
(A) National Incubation Agency
(B) Naval Investigation Agency
(C) New Investigation Agency
(D) National Investigation Agency

22. इज़राइल–हमास संघर्ष क्षेत्र से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन का नाम निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(A) ऑपरेशन अजय
(B) ऑपरेशन गंगा
(C) ऑपरेशन विजय
(D) ऑपरेशन हॉट परस्यूट

Which of the following is the name of the operation launched by the India to evacuate Indian national from Israel–Hamas conflict zone ?
(A) Operation Ajay
(B) Operation Ganga
(C) Operation Vijay
(D) Operation Hot Pursuit

23. हाल ही में अक्टूबर 2023 में, भारत और किस पड़ोसी देश ने आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते (ETCA) की बातचीत फिर से शुरू की है ?
(A) मालदीव (B) म्यांमार
(C) चीन (D) श्रीलंका

Recently in October 2023, India and which neighbouring country have re-launched negotiations of the Economic and Technology Cooperation Agreement (ETCA) ?
(A) Maldives (B) Myanmar
(C) China (D) Sri Lanka

9. निम्नलिखित में से कौन उत्तर प्रदेश राज्य में सर्वोच्च रैंकिंग वाले पुलिस अधिकारी हैं ?
(A) डीजीपी (पुलिस महानिदेशक)
(B) पीएसआई (पुलिस उप-निरीक्षक)
(C) एसीपी (सहायक पुलिस आयुक्त)
(D) डीसीपी (पुलिस उपायुक्त)
Which of the following is the highest-ranking Police Officer in the State of Uttar Pradesh ?
(A) DGP (Director General of Police)
(B) PSI (Police Sub Inspector)
(C) ACP (Assistant Commissioner of Police)
(D) DCP (Deputy Commissioner of Police)

10. सरकार का वह खाता जो केवल चालू वित्तीय वर्ष से संबंधित है, इसमें शामिल है
(A) आउटक्रोस्ड बजट (B) राजस्व बजट
(C) पूँजीगत बजट (D) कर बजट
An account of Government that relates to the current financial year only is included in the
(A) Outcrossed Budget
(B) Revenue Budget
(C) Capital Budget
(D) Tax Budget

11. मथुरा के पास मट के एक मंदिर में किन शासकों की विशाल मूर्तियाँ प्रतिष्ठापित पाई गई हैं ?
(A) गुप्त (B) मौर्य
(C) कुषाण (D) चोल
Colossal statues of which rulers have been found installed in a shrine at Mat near Mathura ?
(A) Guptas (B) Mauryas
(C) Kushanas (D) Cholas

12. निम्नलिखित में से किस वायसराय ने ब्रिटिश शासन के दौरान बंगाल का विभाजन किया था ?
(A) वॉरेन हेस्टिंग्स (B) लॉर्ड कर्ज़न
(C) लॉर्ड इरविन (D) लॉर्ड रीडिंग
Which of the following Viceroys had partitioned Bengal during the British Rule ?
(A) Warren Hastings (B) Lord Curzon
(C) Lord Irwin (D) Lord Reading

13. व्यावसायिक उपयोग के लिए सब्ज़ियाँ, फूल और फल उगाना निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है ?
(A) सेरीकल्चर (B) पिसीकल्चर
(C) विटीकल्चर (D) हॉर्टीकल्चर
Growing vegetables, flowers and fruits for commercial use is known as which of the following ?
(A) Sericulture (B) Pisciculture
(C) Viticulture (D) Horticulture

14. निम्नलिखित में से भारत के किस बंदरगाह को 'अरब सागर की रानी' के नाम से भी जाना जाता है ?
(A) मुंबई (B) कोच्चि
(C) मोर्मुगाओ (D) कोलकाता
Which of the following port of India is also known as 'Queen of the Arabian Sea' ?
(A) Mumbai (B) Kochi
(C) Mormugao (D) Kolkata

15. वर्ष 2011 में भारत में जनगणना कार्य कितने चरणों में किया गया था ?
(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) चार
The Census Operations in India have been carried out in how many phases in the year 2011 ?
(A) One (B) Two
(C) Three (D) Four

16. मोगाओ गुफाएँ, जिन्हें "हज़ारों बुद्धों की गुफाएँ" भी कहा जाता है, निम्नलिखित में से किस देश में स्थित हैं ?
(A) नेपाल (B) थाईलैंड
(C) भारत (D) चीन
The Mogao Caves, also known as "Caves of the Thousand Buddhas", are situated in which of the following countries ?
(A) Nepal (B) Thailand
(C) India (D) China

56. "पिताजी तीर्थयात्रा पर जाएँगे ।" यह वाक्य किस काल का है ?
(A) सामान्य भविष्यत् काल
(B) सामान्य वर्तमानकाल
(C) सामान्य भूतकाल
(D) संदिग्ध वर्तमानकाल

57. "मुझसे पत्र लिखा गया ।" वाक्य में कौन सा वाच्य होगा ?
(A) भाववाच्य (B) कर्मवाच्य
(C) कर्तृवाच्य (D) इनमें से कोई नहीं

58. "घाव पर नमक छिड़कना" – मुहावरे का अर्थ बताइए ।
(A) पुरानी बातें दोहराना
(B) किसी का मज़ाक उड़ाना
(C) घाव पर नमक लगाना
(D) दुःखी को अधिक दुःखी करना

59. 'मूक' का विलोम शब्द क्या होगा ?
(A) हास (B) शाप
(C) गौण (D) वाचाल

60. 'बेकार से बेगार भली' लोकोक्ति का अर्थ निम्न में से कौन सा है ?
(A) जो मिल जाए वह काफ़ी है ।
(B) मन शुद्ध है तो सब ठीक है ।
(C) निकम्मा बैठने से कुछ करना अच्छा है ।
(D) बिलकुल अनपढ़ होना ।

61. अद्‌भुत रस का स्थायीभाव कौन सा है ?
(A) शोक (B) क्रोध
(C) विस्मय (D) निर्वेद

62. अर्द्धसम मात्रिक का छंद है
(A) रोला (B) दोहा
(C) चौपाई (D) कुण्डलिया

63. 'राम कृपा भव-निसा सिरानी' में कौन सा अलंकार है ?
(A) श्लेष (B) उपमा
(C) रूपक (D) उत्प्रेक्षा

64. 'अंक' का अनेकार्थक शब्द निम्नलिखित में से किस विकल्प में है ?
(A) विष्णु (B) संख्या
(C) कामदेव (D) आकाश

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. सं. 65-69)

हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है । जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम-से-उत्तम वस्तु एक बार हँस लेना तथा शरीर को अच्छा रखने की अच्छी-से-अच्छी दवा एक बार खिलखिला उठना है । पुराने लोग कह गए हैं कि हँसो और पेट फुलाओ । हँसी कितने ही कला-कौशलों से भली है । जितना ही अधिक आनंद से हँसोगे उतनी ही आयु बढ़ेगी । एक यूनानी विद्वान कहता है कि सदा अपने कर्मों पर झींखने वाला हेरीक्लेस बहुत कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रीटस 109 वर्ष तक जिया । हँसी-ख़ुशी ही का नाम जीवन है । जो रोते हैं, उनका जीवन व्यर्थ है । कवि कहता है – 'ज़िंदगी ज़िंदादिली का नाम है, मुर्दादिल ख़ाक जिया करते हैं ।'

मनुष्य के शरीर के वर्णन पर एक विलायती विद्वान ने एक पुस्तक लिखी है । उसमें वह कहता है कि उत्तम सुअवसर की हँसी उदास-से-उदास मनुष्य के चित्त को प्रफुल्लित कर देती है । आनंद एक ऐसा प्रबल इंजन है कि उससे शोक और दुःख की दीवारों को ढहा सकते हैं । प्राण-रक्षा के लिए सदा देशों में उत्तम-से-उत्तम उपाय मनुष्य के चित्त को प्रसन्न रखना है । सुयोग्य वैद्य अपने रोगी के कानों में आनंदरूपी मंत्र सुनाता है ।

65. एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।
(A) हँसी – एक वरदान
(B) प्रसन्नता – एक वरदान
(C) कुशल वैद्य की कला
(D) हँसी दुःखनाशक है

66. 'हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है' – आशय स्पष्ट कीजिए ।
(A) हँसी भीतरी चीज़ है, बाहरी नहीं है ।
(B) हँसी बाहरी दिखावा है ।
(C) हँसी मन के आनंद को बाहर प्रकट करती है ।
(D) हँसी का आनंद अंदर और बाहर दोनों जगह प्रकट होता है ।

67. आनंद को प्रबल इंजन क्यों कहा गया है ?
(A) वह जीवन को गति देता है ।
(B) वह जीवन को ऊर्जा देता है ।
(C) वह जीवन में हँसी पैदा करता है ।
(D) वह जीवन से शोक और दुःख दूर करता है ।

39. निम्नलिखित में से तत्सम-तद्भव का कौन सा युग्म गलत है ?
(A) याचक – जाचक (B) अक्षर – आखर
(C) घट – घड़ा (D) भित्ति – भय

40. निम्नलिखित में से 'सेठ' शब्द का तत्सम शब्द कौन सा है ?
(A) सर्व (B) शेठ
(C) साहूकार (D) श्रेष्ठी

41. निम्नलिखित में से 'सरस्वती' शब्द का पर्यायवाची कौन सा नहीं है ?
(A) वागीश्वरी (B) कामिनी
(C) शारदा (D) भारती

42. 'घूमने-फिरने वाला साधु' वाक्यांश के लिए एक शब्द निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(A) परिव्राजक (B) श्रमण
(C) योगी (D) तपस्वी

43. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'नियत – नीयत' के सही अर्थ-भेद का चयन कीजिए ।
(A) भाग्य – निश्चित (B) निश्चित – इरादा
(C) इरादा – निश्चित (D) इरादा – भाग्य

44. निम्नलिखित में से किस वाक्य में मुहावरे संबंधी अशुद्धि है ?
(A) देश पर प्राण न्योछावर करना सैनिक का धर्म है ।
(B) वह चुपचाप दम साधे पड़ा रहा ।
(C) राधा के सारे इरादों पर पानी फिर गया ।
(D) पुलिस को देखते ही रमेश के चेहरे पर हवाइयाँ दौड़ने लगीं ।

45. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं ?
(A) विहग, गरुड़ (B) समाधि, दीमक
(C) शीशम, नर्मदा (D) साहित्य, जहाज

46. 'गुरु' शब्द का बहुवचन शब्द क्या होगा ?
(A) गुरुए (B) गुरुओं
(C) गुरुतर (D) गुरुजन

47. निम्नलिखित में से किस वाक्य में अपादान कारक है ?
(A) गीता की बहन कल हमारे घर आएगी ।
(B) रमेश खिलौने से खेल रहा है ।
(C) रानी पुस्तक पढ़ती है ।
(D) मेज़ से पुस्तक गिरी ।

48. 'स्वर्णिम' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?
(A) सु (B) णिम
(C) म (D) इम

49. 'संग्राम' शब्द में मूल शब्द और उपसर्ग कौन सा है ?
(A) सन + ग्राम (B) सन् + ग्राम
(C) सम् + ग्राम (D) संग + राम

50. निम्नलिखित में से कौन सा अव्ययीभाव समास का उदाहरण है ?
(A) डाकगाड़ी (B) सप्ताह
(C) प्रधानमंत्री (D) भरपूर

51. तू, तुम, तेरा आदि हिंदी में कौन से पुरुषवाचक सर्वनाम हैं ?
(A) उत्तम पुरुषवाचक
(B) अन्य पुरुषवाचक
(C) मध्यम पुरुषवाचक
(D) सर्वोत्तम पुरुषवाचक

52. 'लघूत्सव' शब्द का संधि-विच्छेद क्या होगा ?
(A) लघु + उत्सव (B) लघू + उत्सव
(C) लघु + त्सव (D) लघू + त्सव

53. कौन सा विरामचिह्न दो पृथक सत्ताओं या दो शब्दों को जोड़ता है ?
(A) निर्देशक चिह्न (B) योजक चिह्न
(C) विवरण चिह्न (D) अवतरण चिह्न

54. "दिनेश रोज चार लीटर दूध पीता है ।" इस वाक्य में 'चार लीटर' किस प्रकार का विशेषण है ?
(A) गुणवाचक विशेषण
(B) परिमाणवाचक विशेषण
(C) संख्यावाचक विशेषण
(D) सार्वनामिक विशेषण

55. "बाज़ार से आकर गीता खाना पकाएगी ।" इस वाक्य में 'आकर' किस क्रिया का उदाहरण है ?
(A) पूर्वकालिक क्रिया (B) प्रेरणार्थक क्रिया
(C) संयुक्त क्रिया (D) नामधातु क्रिया

31. निम्नलिखित में से किस क्रिकेटर ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वर्ष 2023 का अर्जुन पुरस्कार जीता ?
(A) रोहित शर्मा (B) विराट कोहली
(C) जसप्रीत बुमराह (D) मोहम्मद शमी
Which of the following cricketer has won the Arjuna Awards 2023 for outstanding performance in Sports and Games ?
(A) Rohit Sharma
(B) Virat Kohli
(C) Jasprit Bumrah
(D) Mohammed Shami

32. "क्यात" निम्नलिखित में से किस देश की आधिकारिक मुद्रा है ?
(A) श्रीलंका (B) म्यांमार
(C) तुर्की (D) अफगानिस्तान
"Kyat" is the official currency of which of the following countries ?
(A) Sri Lanka (B) Myanmar
(C) Turkey (D) Afghanistan

33. भारत में "राष्ट्रीय बालिका दिवस" किस तारीख को मनाया जाता है ?
(A) 24 जनवरी (B) 5 अप्रैल
(C) 13 जुलाई (D) 14 सितंबर
The "National Girl Child Day" is celebrated on which date in India ?
(A) 24th January (B) 5th April
(C) 13th July (D) 14th September

34. हिंदी भाषा की सबसे लोकप्रिय रचनाओं में से एक 'मधुशाला' के लेखक कौन हैं ?
(A) मैथिलीशरण गुप्त
(B) माखनलाल चतुर्वेदी
(C) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(D) हरिवंशराय बच्चन
Who is the author of the Hindi language's one of the most popular compositions 'Madhushala' ?
(A) Maithili Sharan Gupt
(B) Makhanlal Chaturvedi
(C) Suryakant Tripathi 'Nirala'
(D) Harivansh Rai Bachchan

35. मोबाइल एप्लिकेशन एमपासपोर्ट सेवा (mPassport Seva) भारत के निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा लॉन्च की गई है ?
(A) पर्यटन मंत्रालय
(B) नागरिक उड्डयन मंत्रालय
(C) विदेश मंत्रालय
(D) गृह मंत्रालय
The mobile application mPassport Seva has been launched by which of the following ministries of India ?
(A) Ministry of Tourism
(B) Ministry of Civil Aviation
(C) Ministry of External Affairs
(D) Ministry of Home Affairs

36. चंद्रयान 3 के रोवर का नाम क्या है ?
(A) विक्रम (B) प्रज्ञान
(C) देवम (D) विज्ञान
What is the name of the rover of Chandrayaan 3 ?
(A) Vikram (B) Pragyan
(C) Devam (D) Vigyaan

37. हाल ही में, प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन किया है ?
(A) अयोध्या (B) प्रयागराज
(C) लखनऊ (D) वाराणसी
Recently, the Prime Minister has inaugurated Swarved Mahamandir at which of the following places in Uttar Pradesh ?
(A) Ayodhya (B) Prayagraj
(C) Lucknow (D) Varanasi

38. निम्नलिखित में से कौन सा भारत का सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार है ?
(A) अशोक चक्र (B) वीर चक्र
(C) महावीर चक्र (D) परमवीर चक्र
Which of the following is the highest Military Award in India ?
(A) Ashok Chakra
(B) Vir Chakra
(C) Mahavir Chakra
(D) Paramvir Chakra

68. 'प्रफुल्लित' शब्द में कौन सा उपसर्ग है ?
(A) पर (B) प्र
(C) त (D) इत

69. सुयोग्य वैद्य रोगी के लिए क्या करता है ?
(A) अच्छी और महँगी दवा देता है ।
(B) रोगी को अनुशासित जीवन जीने की सलाह देता है ।
(C) आशा और उल्लासमय वचनों द्वारा कानों को आनंदित करता है ।
(D) रोगी की ख़राब जीवन शैली के प्रति उसे सावधान करता है ।

70. 'कामसूत्र' निम्नलिखित में से किसकी रचना है ?
(A) भरतमुनि (B) कौटिल्य
(C) वात्स्यायन (D) बाणभट्ट

71. निम्न में से संत कबीर की कृति कौन सी है ?
(A) मृगावती (B) बीजक
(C) यामा (D) सूरसारावली

72. मैथिली भाषा के प्रसिद्ध कवि कौन हैं ?
(A) विद्यापति (B) तुलसीदास
(C) जायसी (D) बिहारीलाल

73. निम्न शब्दों में से कौन सा शब्द क्रिया-विशेषण है ?
(A) नीला (B) धीरे-धीरे
(C) सूर्योदय (D) विगत

74. निम्नलिखित में से 'कृष्ण' शब्द का पर्यायवाची कौन सा है ?
(A) मनोज (B) मुरारि
(C) श्रवण (D) रतिपति

75. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द 'पानी और पाणि' का अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(A) कर – जल (B) जल – हाथ
(C) पग – वारि (D) हाथ – जीवन

76. "जो सदा दूसरों पर संदेह करता है" इस वाक्यांश के लिए सही शब्द निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(A) झगड़ालू (B) दयालु
(C) ईर्ष्यालु (D) शंकालु

77. जब 7^7 को 4 से विभाजित किया जाए तो शेषफल ज्ञात कीजिए ।
Find the remainder when 7^7 is divided by 4.
(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 0

78. सरल करें : $15 + 21 \times (\sqrt{9} - 2 + 5) \div 2$
Simplify : $15 + 21 \times (\sqrt{9} - 2 + 5) \div 2$
(A) 15 (B) 63 (C) 78 (D) 91

79. मूल्यांकन करें : $31.004 - 4.98 + 0.7034 - 7.6 + 0.3 - 2$
Evaluate : $31.004 - 4.98 + 0.7034 - 7.6 + 0.3 - 2$
(A) 19.4274 (B) 17.4274
(C) 19.4173 (D) 17.4742

80. दो संख्याओं का HCF 11 है और उनका LCM 609 है । यदि एक संख्या 77 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए ।
The HCF of two numbers is 11 and their LCM is 609. If one of the numbers is 77, find the other number.
(A) 81 (B) 87 (C) 97 (D) 99

81. एक धनराशि को अभय, बीना, चंदन और दिव्या के बीच 5 : 2 : 4 : 3 के अनुपात में वितरित किया जाना है । यदि चंदन को दिव्या से ₹ 500 अधिक प्राप्त होते हैं, तो बीना का हिस्सा कितना है ?
A sum of money is to be distributed among Abhay, Bina, Chandan and Divya in the proportion of 5 : 2 : 4 : 3. If Chandan gets ₹ 500 more than Divya, what is Bina's share ?
(A) ₹ 500 (B) ₹ 1,000
(C) ₹ 1,500 (D) ₹ 2,000

82. गेहूँ की कीमत में $6\frac{1}{4}\%$ की कमी के कारण, एक आदमी ₹ 135 में 1 किलो अधिक खरीद पाता है । प्रति किलोग्राम गेहूँ की मूल दर ज्ञात कीजिए ।
Due to reduction of $6\frac{1}{4}\%$ in the price of wheat, a man is able to buy 1 kg more for ₹ 135. Find the original rate of wheat per kg.
(A) 7 (B) 8.5 (C) 9 (D) 9.5

83. एक विक्रेता ने ₹ 10 में 6 केले खरीदे और उन्हें ₹ 6 में 4 के हिसाब से बेच दिया । उसका लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिये ।
A vendor bought bananas at 6 for ₹ 10 and sold them at 4 for ₹ 6. Find his gain or loss percent.
(A) 10% लाभ/gain (B) 10% हानि/loss
(C) 8% लाभ/gain (D) 8% हानि/loss

84. कौन सी वार्षिक किस्त, 12% साधारण ब्याज पर 3 वर्षों में देय ₹ 1,260 का कर्ज़ उतार देगी ?
What annual instalment will discharge a debt of ₹ 1,260 due in 3 years at 12% simple interest ?
(A) ₹ 325 (B) ₹ 375
(C) ₹ 425 (D) ₹ 475

85. मनन ने एक व्यवसाय में ₹ 76,000 का निवेश किया । कुछ महीनों के बाद, विवेक ₹ 57,000 के साथ उसके साथ जुड़ गया । वर्ष के अंत में, कुल लाभ उनके बीच 2 : 1 के अनुपात में विभाजित किया गया । विवेक कितने महीने बाद व्यवसाय से जुड़ा ?
Manan invested ₹ 76,000 in a business. After few months, Vivek joined him with ₹ 57,000. At the end of the year, the total profit was divided between them in the ratio 2 : 1. After how many months did Vivek join the business ?
(A) 2 (B) 4 (C) 5 (D) 6

86. मोहन ने 17वीं पारी में 97 रन बनाए और इस तरह उसका औसत 3 बढ़ गया । 17वीं पारी के बाद उसका औसत ज्ञात कीजिए ।
Mohan makes a score of 97 runs in the 17th inning and thus increases his average by 3. Find his average after 17th inning.
(A) 47 (B) 49 (C) 51 (D) 53

87. 30 आदमी एक काम को 16 दिनों में पूरा कर सकते हैं । उनके काम शुरू करने के छह दिन बाद, 15 और आदमी उनके साथ जुड़ गए । अब उन्हें शेष कार्य पूरा करने में कितने दिन लगेंगे ?
30 men can complete a work in 16 days. Six days after they started working, 15 more men joined them. How many days will they now take to complete the remaining work ?
(A) 5 दिन/days (B) 20/3 दिन/days
(C) 8 दिन/days (D) 10/3 दिन/days

88. 9, 12, 15, 18, ..., 87 के बीच कितने पद हैं ?
How many terms are there between 9, 12, 15, 18, ..., 87 ?
(A) 25 (B) 26 (C) 27 (D) 28

89. दो वर्गों के परिमाप 52 सेमी और 20 सेमी हैं । तीसरे वर्ग का परिमाप ज्ञात कीजिए जिसका क्षेत्रफल इन दोनों वर्गों के क्षेत्रफलों के अंतर के बराबर है ।
The perimeters of two squares are 52 cm and 20 cm. Find the perimeter of a third square whose area is equal to the difference of the areas of these two squares.
(A) 32 सेमी/cm (B) 36 सेमी/cm
(C) 44 सेमी/cm (D) 48 सेमी/cm

90. एक आदमी 9 किमी/घंटा की गति से चलते हुए एक पुल को 15 मिनट में पार करता है । पुल की लंबाई (मीटर में) है :
A man walking at the rate of 9 km/hr crosses a bridge in 15 minutes. The length of the bridge (in metres) is :
(A) 1250 (B) 1850
(C) 2250 (D) 2450

प्र. सं. 91 से 95 : तालिका का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :
Q. Nos. 91 to 95 : Study the table and answer the following questions :

5 महीनों के दौरान 5 कंपनियों द्वारा बेचे गए उत्पादों की संख्या
Number of products sold by 5 companies during 5 months

महीना/Month	कंपनी/Company				
	P	Q	R	S	T
जनवरी/January	130	80	155	85	75
फरवरी/February	155	110	88	110	90
मार्च/March	180	130	115	100	120
अप्रैल/April	160	145	240	140	165
मई/May	140	120	130	100	165

91. जनवरी से अप्रैल तक कंपनी S द्वारा बेचे गए उत्पादों की संख्या में लगभग कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ?
The number of products sold by company 'S' approximately increased by what percent from January to April ?
(A) 62.9% (B) 64.71%
(C) 72.31% (D) 76.7%


92. मार्च, अप्रैल और मई में मिलाकर कंपनी 'T' द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या में से, 32% माइल्ड स्टील से बने थे। मार्च, अप्रैल और मई में मिलाकर कंपनी 'T' द्वारा बेचे गए माइल्ड स्टील उत्पादों की कुल संख्या कितनी थी ?
Out of the total number of products sold by company 'T' in March, April and May together, 32% were made of mild steel. What was the total number of mild steel products sold by company 'T' in March, April and May together ?
(A) 144 (B) 150
(C) 155 (D) 160

93. फरवरी में कंपनी 'P', 'S' और 'T' द्वारा बेचे गए उत्पादों की औसत संख्या क्या है ? (लगभग)
What is the average number of products sold by company 'P', 'S' and 'T' in February ? (Approximate)
(A) 112 (B) 116
(C) 118 (D) 120

94. मार्च में कंपनी 'P' और 'R' द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या का अप्रैल में उन्हीं कंपनियों द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या से अनुपात क्या है ?
What is the ratio of the total number of products sold by company 'P' and 'R' in March to the total number of products sold by the same companies in April ?
(A) 12 : 17 (B) 40 : 95
(C) 16 : 19 (D) 59 : 80


95. जनवरी और मई में मिलाकर कंपनी 'Q' द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या और समान महीनों में मिलाकर कंपनी 'R' द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या के बीच कितना अंतर है ?
What is the difference between the total number of products sold by company 'Q' in January and May together and the total number of products sold by company 'R' in the same months together ?
(A) 76 (B) 85
(C) 98 (D) 102

96. वह वेन आरेख चुनें जो निम्न के बीच संबंध को सबसे अच्छी तरह से समझाता है :
लड़के, एथलीट, छात्र
Choose the Venn diagram which best explains the relationship among given :
Boys, Athletes, Students
(A) (B)
(C) (D)

97. आरेख का अध्ययन करें और उन लोगों की पहचान करें जो केवल एक भाषा बोल सकते हैं :
Study the diagram and identify the people who can speak only one language :


(A) E + F + D (B) D + E + F + G
(C) C + A + B (D) G

98. यदि '–' का अर्थ भाग है, '+' का अर्थ गुणा है, '÷' का अर्थ घटाव है और '×' का अर्थ जोड़ है, तो
$6 \div 20 \times 12 + 7 - 1 = ?$
If '–' stands for division, '+' stands for multiplication, '÷' stands for subtraction and '×' stands for addition, then
$6 \div 20 \times 12 + 7 - 1 = ?$
(A) 38 (B) 57 (C) 62 (D) 70

99. चार विकल्पों में से दी गई आकृति (X) की सही दर्पण छवि चुनें।
Choose the correct mirror image of the given figure (X) from amongst the four alternatives.


(A) (1) (B) (2) (C) (3) (D) (4)

100. निम्नलिखित प्रश्न में एक शब्द दिया गया है, उसके बाद चार शब्द दिए गए हैं, जिनमें से एक दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके बनाया जा सकता है। वह शब्द ढूँढें।
In the following question, one word is given, followed by four words, one of which can be formed using the letters of the given word. Find that word.
ENVIRONMENT
(A) MOVEMENT (B) EMINENT
(C) ENTRANCE (D) ENTERTAIN

101. अक्षरों का कौन सा समूह दी गई अक्षर शृंखला में रिक्त स्थानों पर क्रमिक रूप से रखे जाने पर इसे पूरा करेगा ?
Which one set of letters when sequentially placed at the gaps in the given letter series shall complete it ?
M_NO_MNN_P_MNO_PM_OP_
(A) MPMOONP (B) MPONONM
(C) MPOMONP (D) MPMONOP

102. दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनें जो शृंखला को पूरा करेगा ।
Choose the correct alternative from given ones that will complete the series.
8, 13.5, 19, 24.5, 30, (?)
(A) 35.5 (B) 37.5 (C) 38 (D) 41

103. नीचे दिए गए प्रश्न में, एक शब्द-युग्म दिया गया है, उसके बाद विकल्प के रूप में चार शब्द-युग्म दिए गए हैं । आपको वह युग्म चुनना है जिसमें शब्दों के मध्य समान संबंध हो ।
स्वधर्मत्यागी : धर्म
(A) अधिपति : राज्य (B) शिक्षक : शिक्षा
(C) देशद्रोही : देश (D) जेलर : कानून
In the question below, a pair of words is given, followed by four pairs of words as alternatives. You are required to choose the pair in which the words bear the same relationship.
Apostate : Religion
(A) Potentate : Kingdom
(B) Teacher : Education
(C) Traitor : Country
(D) Jailor : Law

104. THFDE : VJHFG : : BOURN : (?)
(A) CQWTP (B) CPWSP
(C) DPWSP (D) DQWTP

105. निम्नलिखित आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?
How many triangles are there in the following figure ?

(A) 24 (B) 26 (C) 28 (D) 30

106. एक व्यक्ति घर से पूर्व की ओर 10 किमी चलता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 6 किमी चलता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 15 किमी चलता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 6 किमी चलता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 1 किमी चलता है । वह व्यक्ति अपने घर से कितनी दूरी पर है ?
(A) 16 किमी (B) 6 किमी
(C) 25 किमी (D) 12 किमी
A person moves from home position towards east by 10 km, then turns right and moves by 6 km, again turns right and moves by 15 km, again turns right and moves by 6 km, then turns left and moves by 1 km. How far the person is from home position ?
(A) 16 km (B) 6 km
(C) 25 km (D) 12 km

107. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो धारणाएँ दी गई हैं । आपको कथन और निम्नलिखित धारणाओं पर विचार करना है और निर्णय लेना है कि कौन सी धारणा कथन में अंतर्निहित है :
कथन : रात के समय पेड़ के नीचे नहीं सोना चाहिए ।
धारणाएँ :
I. गिरती हुई पत्तियाँ हमारे कपड़े खराब कर सकती हैं ।
II. पेड़ रात में कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है ।
(A) केवल धारणा I अंतर्निहित है ।
(B) केवल धारणा II अंतर्निहित है ।
(C) या तो I या II अंतर्निहित है ।
(D) न तो I और न ही II अंतर्निहित है ।
In the question below, a statement followed by two assumptions numbered I and II is given. You have to consider the statement and the following assumptions and decide which of the assumption is implicit in the statement :
Statement : One should not sleep under a tree at night.
Assumptions :
I. The falling leaves may spoil our clothes.
II. Tree gives out carbon dioxide at night which is injurious to health.
(A) Only assumption I is implicit.
(B) Only assumption II is implicit.
(C) Either I or II is implicit.
(D) Neither I nor II is implicit.

108. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और उसके बाद I, II, III और IV क्रमांकित चार तर्क शामिल हैं। आपको यह तय करना है कि कौन सा/से तर्क 'मजबूत' तर्क है/हैं और कौन सा/से 'कमजोर' तर्क है/हैं और तदनुसार प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से अपना उत्तर चुनें :

कथन : क्या सभी स्कूल शिक्षकों को निजी ट्यूशन देने से रोक दिया जाना चाहिए ?

तर्क :

I. नहीं । जरूरतमंद छात्र इन शिक्षकों की विशेषज्ञता से वंचित रह जाएँगे ।

II. हाँ । यह उन बेरोज़गार पढ़े-लिखे लोगों के साथ अन्याय है जो ट्यूशन पढ़ाकर अपना जीवन यापन कर सकते हैं ।

III. हाँ । तभी स्कूलों में शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा ।

IV. हाँ । अब इन शिक्षकों का वेतन पर्याप्त है ।

(A) केवल IV मजबूत है ।
(B) केवल III मजबूत है ।
(C) केवल II और III मजबूत हैं ।
(D) केवल II और IV मजबूत हैं ।

Question given below consists of a statement, followed by four arguments numbered I, II, III and IV. You have to decide which of the argument(s) is/are 'strong' argument(s) and which is/are 'weak' argument(s) and accordingly choose your answer from the alternatives given below the question :

Statement : Should all the school teachers be debarred from giving private tuitions ?

Arguments :

I. No. The needy students will be deprived of the expertise of these teachers.

II. Yes. This is an injustice to the unemployed educated people who can earn their living by giving tuitions.

III. Yes. Only then the quality of teaching in schools will improve.

IV. Yes. Now salary of these teachers is reasonable.

(A) Only IV is strong.
(B) Only III is strong.
(C) Only II and III are strong.
(D) Only II and IV are strong.

प्र. सं. 109 से 113 : निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :

